>

Title: Issue regarding 'Dark Zone'.

श्री महेन्द्रसिंह पी. चौहाण (साबरकांठा): आदरणीय सभापति जी, आपने मुझे शून्यकाल में डॉर्क जोन जैसे अति महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं। विगत दिनों में केन्द्रीय भूजल बोर्ड सीजीडब्ल्यूडी ने वर्ष 2004 के दौरान पूरे देश में राज्यवार 5723 ब्लाकों का भूजल स्तर के संदर्भ में संरक्षण और अध्ययन करवाया था। इस अध्ययन की स्थिति और रिपोर्ट के आधार पर विभिन्न मंडलों का वर्गीकरण किया गया। इसके अन्तर्गत 839 मंडलों को ओवर एक्सप्लॉयटेड, 226 मंडलों को क्रिटिकल और 550 यूनिटों को सेमी क्रिटिकल के रूप में घोषित किया गया है।

सभापति जी, इन वर्गीकृत क्षेत्रों में रहने वाले किसान और भूमिहर लोग काफी मुसीबत में आ गये हैं क्योंकि डॉर्क जोन घोषित करने के कारण इन क्षेत्रों में रहने वाले किसानों को सिंचाई हेतु अपने ट्यूबवैल या कुंए पर नया बिजली कनैक्शन नहीं दिया जाता है। इस वजह से किसान हैरान परेशान हो रहे हैं।

बिना सिंचाई किसान फसल पैदा नहीं कर सकते हैं। आज छोटे-छोटे किसान दिक्कत में आ गए हैं, अपना पोषण न कर पाने की वजह से वे खेती छोड़कर मजदूर बनकर शहरों की ओर जाने लगे हैं और शहरों में खराब स्थिति में जीवनयापन कर रहे हैं। जबकि अगर इसी क्षेत्र में कोई उद्योगपति उद्योग लगाता है, तो उसे भूजल निकालने के लिए 24 घंटे में थ्री फेज बिजली का कनेक्शन दिया जाता है।

<u>16.15 hrs.</u> (Shri P.C. Chacko *in the Chair)*

यह कैसा न्याय है? यह किसानों के साथ सरासर अन्याय और नाइंसाफी है। हमारे यहां गुजरात में सरकार ने बड़ी मात्रा में चैकडैम और तालाब बनाए हैं, वाटर कंजरवेशन का काम बहुत अच्छा हुआ है और इसके लिए भूजल की स्थिति काफी सुधरी है। मेरे निर्वाचन क्षेत्र साबरकांठा में भूजल की स्थिति अच्छी बनी हुई है। इडर, मौंड़ासा एवं मेगरज आदि मंडलों के साथ-साथ सभी डार्कजोन क्षेत्रों का रिसर्वे किया जाए और परेशान किसानों को इसका लाभ देकर बचाया जाए। साथ ही उन क्षेत्रों में रहने वाले किसानों को ड्रिप इरिगेशन के लिए भारी मात्रा में सब्सिडी दी जाए ताकि किसान लोग बच सकें और अच्छा जीवनयापन कर सकें। इसलिए मैं आपके माध्यम से अनुरोध करता हूं कि डार्कजोन का रिसर्वे कराया जाए। हम लोग जब अपने निर्वाचन क्षेत्र का दौरा करते हैं, तो लोग कहते हैं कि हमें कुछ नहीं चाहिए, सिर्फ डार्कजोन को हटाओ, डार्कजोन होने के कारण हम लोग जी नहीं पा रहे हैं। मेरी आपके माध्यम से विनती है कि डार्कजोन हटाया जाए।